TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

जयंती विशेष


14 मार्च 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

**आप कभी फेल नहीं होते, जब तक आप प्रयास करना नहीं छोड़ देते हैं।**



**अल्बर्ट आइंस्टीन**

( वैज्ञानिक )

जन्म: 14 मार्च 1879 मृत्यु: 18 अप्रैल 1955

राकेश कुमार

# दिवस ज्ञान

14 मार्च

Gyan Drishti

Diwas Gyan

विक्रम संवत् 2081, फाल्गुन माह, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा तिथि, शुक्रवार 14 मार्च 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

## आज का विचार

समूह का नाम संगति नहीं है। जहाँ प्रेम नहीं है, वहाँ लोगों की आकृतियाँ चित्रवत् हैं और उनकी बातचीत झाँझ की झनकार है।

–बेकन

## आज के दिन

1883– कार्ल मार्क्स का निधन– कार्ल हेनरिख मार्क्स एक जर्मन दार्शनिक, अर्थशास्त्री, समाजशास्त्री, राजनीतिक सिद्धांतकार और पत्रकार थे। उन्होंने जर्मनी के मजदूर संगठन और 'कम्युनिस्ट लीग' के निर्माण में सक्रिय योगदान दिया। 1848 में एजेंल्स के साथ 'अंतर्राश्ट्रीय समाजवाद' का प्रथम घोशणापत्र (कम्युनिस्ट मैनिफेस्टो) प्रकाशित किया। वर्श 1867 में उन्होंने 'दास कैपिटल' (द कैपिटल) पुस्तक के प्रथम भाग का प्रकाशन किया। उन्होंने पूंजीवाद का जमकर विरोध किया। 14 मार्च, 1883 को लंदन में उनकी निधन हो गई।

1931– भारत की पहली बोलती फिल्म 'आलमआरा' का प्रदर्शन 14 मार्च, 1931 ई. को बाम्बे (वर्तमान मुम्बई) में हुआ था। इस फिल्म के निर्देशक आर्देशिर ईरानी थे।

1991– सुपौल जिला स्थापना दिवस– 14 मार्च, 1991 ई. को सुपौल जिला की स्थापना की गई थी। सहरसा जिले से अलग होकर बना यह जिला क्षेत्रफल की दृष्टि से कोसी प्रमंडल का सबसे बड़ा जिला है।

1. **आइंस्टीन का जन्म–** दुनिया को सापेक्षवाद का सिद्धान्त देने वाले बुद्धि के धनी म"ाहूर वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन का जन्म 14 मार्च, 1879 ई. को जर्मनी के उल्म शहर में एक यहूदी परिवार में हुआ था। आइंस्टीन को 'प्रकाश–विद्युत प्रभाव का नियम' के लिए नोबेल पुरस्कार मिला। उनके सम्मान में एक तत्व का नाम 'आइंस्टाइनियम' (Es) रख दिया गया जिसका परमाणु क्रमांक 99 है। 1916 ई. में उन्होंने 'सापेक्षता का सामान्य सिद्धान्त' प्रकाशित किया। आइंस्टीन के अनुसार द्रव्य को ऊर्जा में परिवर्तित किया जा सकता हैं उनके 'द्रव्यमान–ऊर्जा' संबंधी समीकरण ($E= mc^2$) के अनुसार परमाणुओं में निहित विशाल ऊर्जा भंडार का रहस्य जाना जा सकता है। आइंस्टीन की इसी परिकल्पना ने ही परमाणु बम को जन्म दिया।

2. **पाई दिवस–** पाई एक गणितीय संकेत है जिसका प्रयोग गणित में एक नियतांक के रूप मे किया जाता है। यह किसी वृत की परिधि और उसके व्यास का अनुपात है जो लगभग $\frac{22}{7}$ या 3.141592653... के बराबर होता है। इसका मान 3.14 के आस–पास होता है इसीलिए अमेरिकन तारीख लेखन प्रणाली के अनुसार 14 मार्च को 'पाई दिवस' मनाया जाता है। पाई के संकेत ($\pi$) अविष्कार का श्रेय विलियम जोन्स (1707) को जाता है। यह संकेत यूनानी (ग्रीक) भाषा से लिया गया है।
   - **संदर्भः गणित कक्षा 7, अध्याय 15 परिमाप और क्षेत्रफल तथा गणित कक्षा 8, अध्याय 13 क्षेत्रमिति**

3. **इंटरनेशनल डे ऑफ एक्शन फॉर रिवर्स–** नदियों को बचाने के लिए, नदियों के संरक्षण और महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। नदियों का जल सूखने से जलीय जीवों के अस्तित्व पर संकट उत्पन्न हो जाता है। साथ ही, कल–कारखाने, जल परिवहन भी ठप हो जाती है। यदि लंबे समय तक नदियों में पानी न हो तो उसके की आसपास की उपजाऊ भूमि भी बंजर हो जाएगी। शहरों में मल–मूत्र तथा कल–कारखानों से निकला अपशिष्ट रासायनिक पदार्थ भी नदियों में वाहित कर दिया जाता है। जिससे नदियों का जल पीने लायक तो छोडिये, स्नान के लायक भी नहीं रहता। ऐसे जल में जलीय जैव तंत्र भी प्रभावित होता है। अतः नदियों का जल संरक्षण आवश्यक है।
   - **संदर्भः विज्ञान भाग 1 अध्याय 16, विज्ञान भाग 2 अध्याय 9, हमारी दुनिया भाग 2 पाठ 7, तथा हमारी दुनिया भाग 3 इकाई 1 से जोड़कर चर्चा करें।**

4. **स्टीफन हॉकिंग का निधन–** प्रसिद्ध भौतिक ब्रह्मांड विज्ञानी स्टीफन हाकिंग का निधन 14 मार्च, 2018 को कैम्ब्रिज, अमेरिका में हुआ था। स्टीफन हाकिंग ने ब्लैक होल और बिग–बैंग सिद्धांत को समझने में अहम योगदान दिया। उन्हें 12 मानद डिग्रियां और अमेरिका का सबसे उच्च नागरिक सम्मान प्राप्त हुआ। उनके द्वारा लिखी गयी पुस्तक 'समय का संक्षिप्त इतिहास' (1988) काफी प्रसिद्ध हुई। उन्हें मोटर न्युरॉन नामक बीमारी थी। इस बीमारी में मनुष्य का नर्वस सिस्टम धीरे–धीरे खत्म हो जाता है और शरीर के मूवमेंट करने और कम्यूनिकेशन पावर समाप्त हो जाती है। स्टीफन हाकिंग के दिमाग को छोड़कर उनके शरीर का कोई भी भाग काम नहीं करता था।
   **बच्चों को क्या दिखायें?** स्टीफन हाकिंग के जीवनी पर आधारित फिल्म 'द थ्योरी ऑफ एवरीथिंग' दिखायें।

Teachers of Bihar


The change makers

# दिवस विशेष

14 मार्च


मधु प्रिया

## सुपौल जिला का स्थापना 14 मार्च




सुपौल बिहार का एक शहर व जिला है, जो ज़िला का मुख्यालय है। सुपौल जिला वर्तमान सहरसा जिले से 14 मार्च 1991 में विभाजित होकर अस्तित्व में आया। सहरसा फारबिसगंज रेलखंड पर सुपौल जिला स्थित है। सांस्कृतिक रूप से यह काफी समृद्ध जिला है। नेपाल से करीब होने के कारण यह सामरिक रूप से काफी महत्त्वपूर्ण है। क्षेत्रफल के अनुसार यह कोसी प्रमंडल का सबसे बड़ा जिला है।बीरपुर,त्रिवेणीगंज,निर्मली,सुपौल आदि इसके अनुमंडल है। पर्यटन स्थलों में सुपौल के समीप सुखपुर में तिल्हेश्वरनाथ महादेव मंदिर हरदी मे वन दुर्गा,संत मनु बाबा मंदिर, गणपतगंज का विष्णु मंदिर,धरहारा का भीमाशंकर महादेव मंदिर,बीरपुर में कोसी बैराज,ललितेश्वरनाथ मंदिर(बलुआ बाजार), अनंतविष्णु मंदिर(नाथपट्टी-तुलसीपट्टी),हुलास का दुर्गा महादेव मंदिर,तिनटोलिया का दुर्गा स्थान,प्रतापगंज दुर्गा स्थान आदि प्रमुख हैं। सुपौल में स्थित भारत का एक ऐतिहासिक मंदिर कपिलेश्वर मंदिर है। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। महाशिवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में भक्त पूजा और पूजा करते हैं। हनुमान मंदिर: भगवान हनुमान को समर्पित यह मंदिर सुपौल के केंद्र में स्थित है।

# जयंती विशेष 14 मार्च




**अलबर्ट आइंस्टाइन** *Albert Einstein*, जन्म: 14 मार्च, 1879; मृत्यु: 18 अप्रैल, 1955) एक प्रसिद्ध वैज्ञानिक और सैद्धांतिक भौतिकविद् थे। वे सापेक्षता के सिद्धांत और द्रव्यमान-ऊर्जा समीकरण **E = mc2** के लिए जाने जाते हैं। उन्हें सैद्धांतिक भौतिकी, ख़ासकर प्रकाश-विद्युत ऊत्सर्जन की खोज के लिए 1921 में 'नोबेल पुरस्कार' मिला था।

विज्ञान कॉर्नर

# विभिन्न तत्वों से परिचय

रसायनविज्ञान

वर्ग - 9-10

## तत्व (Element)

### प्रोमेथियम (Promethium)

लैंथेनाइड सीरीज तत्व

संकेत (symbol) - Pm

परमाणु संख्या (Atomic no.) -61

समूह -f block group

परमाणु भार A. weight -144.91


आवर्त (period)-6

ब्लाक (block)-f

संयोजकता (valancy)-3

समस्थानिक (Isotope)-2

इलेक्ट्रॉनिक विन्यास -[Xe]$4f^5 6s^2$




### खोज

1945 ,मारिंस्की,ग्लेनडेनिन और कोरियल

### भौतिक गुण

चांदी सफेद, चमकदार, ठोस, रेडियोधर्मी, दुर्लभ मृदा धातु

### रासायनिक गुण

अत्यधिक अस्थिर रेडियोधर्मी

### उपयोग

न्यूक्लियर बैटरी, ल्यूमिस पेंट, सैटेलाइट, रेडियोथेरेपी

Anu priya

# बिहार दिवस विशेष

14 मार्च

## आइए, अपने बिहार को जाने !

**01 मार्च से 22 मार्च**



नीतीश कुमार
बिहार के मुख्यमंत्री



आरिफ़ मोहम्मद ख़ान
बिहार के राज्यपाल

26

## ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) गया

गया में स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) की स्थापना **18** जुलाई **2011** को हुई थी, और यह प्री-कमीशनिंग ट्रेनिंग सेंटर में से एक है, जिसका आदर्श वाक्य "शौर्य, ज्ञान, संकल्प" है। वर्तमान में, ओटीए गया को एशिया के उन देशों के कैडेट्स को प्रशिक्षण देने के नोडल सेंटर के रूप में स्थापित करने का प्रस्ताव था जहां बौद्ध धर्म को ज्यादा माना जाता है, क्योंकि प्राचीन काल से गया महात्मा बुद्ध की ज्ञानस्थली के तौर पर जाना जाता है।

राकेश कुमार

# चैंपियंस ट्रॉफी के विनर सफेद ब्लेजर क्यों पहनते हैं: यह बेस्ट वनडे टीम का सिंबल, पहली बार ऑस्ट्रेलिया ने 2009 में पहना था



दुबई में रविवार को भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 विकेट से जीत दर्ज कर तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता है। मेडल सेरेमनी के दौरान खिलाड़ियों के साथ उनके सफेद ब्लेजर ने भी सबका ध्यान अपनी ओर खींचा।

लेकिन, टीम इंडिया ने सफेद ब्लेजर क्यों पहना। जवाब है, 'यह सम्मान का प्रतीक है, जो सबसे बेहतरीन वनडे टीम को दी जाती है।' चैंपियंस ट्रॉफी में दुनिया की बेस्ट-8 टीमें हिस्सा लेती हैं और जीतने वाली इसे हासिल करती है। ICC के अनुसार, यह जैकेट एक्सीलेंसी का प्रतीक है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती है।


राकेश कुमार

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 14.03.2025

## अर्थपूर्ण स्मृति

अर्थपूर्ण स्मृति (**Semantic Memory**) का अर्थ है अनुभवों से प्राप्त ज्ञान और जानकारी, जैसे कि शब्दों और वस्तुओं के अर्थ, जो हमें दुनिया को समझने और उसमें कार्य करने में सक्षम बनाती हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान





बिहार के सुपौल में **हिंदू और मुस्लिम** बुज़ुर्गों ने मिलकर **फूलों की होली** खेली। 2008 की बाढ़ के बाद शुरू हुई यह **परंपरा** भाईचारे और बुज़ुर्गों की आत्मनिर्भरता का **प्रतीक** बन गई है।



राकेश कुमार


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
ToB बूझो तो जानें..
496
हरी हरी मछली के हरे हरे अंडे, जल्दी से बूझो पहेली, नहीं तो पड़ेंगे डंडे .... बुझो तो जानें ?
www.teachersofbihar.org
संजय कुमार


सुपौल जिला
स्थापना दिवस
पर सभी सुपौल जिलावासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
- 14 मार्च -
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Madhu priya
www.teachersofbihar.org





TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# स्टीफन विलियम हॉकिंग

जन्म- 8 जनवरी 1942-मृत्यु–14 मार्च 2018

Madhu priya

www.teachersofbihar.org



14 मार्च

Value of pi(π)=3.14......


**पाई सबसे महत्वपूर्ण गणितीय एवं भौतिक नियतांकों में से एक है।**

**यह एक अपरिमेय राशि है।**

**गणितीय चिन्ह पाई(π) के वार्षिक उत्सव के अवसर पर टीचर्स ऑफ बिहार परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।**

www.teachersofbihar.org

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
प्रकाश-विद्युत ऊत्सर्जन के
खोजकर्ता,नोबेल पुरस्कार से
सम्मानित
अलबर्ट आइंस्टीन
की जयंती पर टीचर्स
ऑफ बिहार परिवार की
ओर से सादर नमन।
जन्म- 14 मार्च 1879- मृत्यु- 18 अप्रैल 1955
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

'दुआ करते हैं के ये होली एक यादगार और शानदार होली हो जिसे आप सभी जीवन भर के लिए संजोकर रख सकें'।

टीचर्स ऑफ बिहार परिवार की ओर से समस्त देशवासियों को  होली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।




www.teachersofbihar.org

Madhu priya